हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 02 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया संवाद की मेजबानी करेगा । वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चार दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया संवाद का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। इसमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों सहित 60 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवाइयां लिखने का आदेश दिया है।राजस्थान उच्च न्यायालय पहले ही यह आदेश दे चुका है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संजय करोल की पीठ ने यह आदेश दिया।

****

केंद्र ने किसान संगठनों के साथ 4 मई को होने वाली बैठक स्थगित कर दी है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव पूर्ण चंद्र किशन ने किसान संगठनों को लिखे पत्र में कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा दोनों की मांग के अनुसार पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों को बैठक में शामिल न करना अनुचित होगा।

केंद्र ने दोनों मंचों के नेताओं से अपनी मांग पर पुनर्विचार करने को कहा है। साथ ही कहा है कि बैठक की अगली तारीख दोनों मंचों से जानकारी मिलने के बाद तय की जाएगी।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि वक्फ संशोधित कानून से गरीबों का हक, सिर्फ गरीबों को ही मिलेगा। पंचकूला में कल मीडिया से बात करते हुए श्री बड़ौली उन्होंने कहा कि वक्फ कानून से सबसे ज्यादा फायदा गरीब मुस्लिम भाई-बहनों को ही होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक-2025 के माध्यम से वक्फ की जमीनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता व सदुपयोग सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कानून वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब मुसलमानों और उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्री बड़ौली ने कहा कि वक्फ के नया संशोधित कानून वक्फ संपत्तियों के सुव्यवस्थित उपयोग एवं पारदर्शिता के लिए ठोस कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पार्टियों के कुछ नेता लोगों को भ्रमित करने में लगे हुए हैं।

श्री बड़ौली ने कहा कि पहले वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। मोदी सरकार ने डिजिटल माध्यम से वक्फ संपत्तियों के रिकार्ड को रखने की व्यवस्था की है ताकि वक्फ संपत्तियों के साथ छेड़छाड़ न हो सके।

****

भारत के चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल की है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने आज बताया कि आयोग अब भारत के महा रजिस्ट्रार से मृत्यु पंजीकरण डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को

पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिल सके। इससे बूथ लेवल ऑफिसर को फॉर्म 7 का इंतजार किए बिना क्षेत्र के दौरे के दौरान ही मृत्यु को पुनः सत्यापित करने में मदद मिलेगी।

****

भारतीय रेलवे ने नई डिजिटल घड़ी के डिजाइन के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता से तैयार मानक घडियों को देश भर के रेलवे स्टेशनों और सभी प्लेटफॉर्म पर लगाया जाएगा।
इस प्रतियोगिता में तीन वर्गों में प्रोफेशनल, विश्वविद्यालय के छात्र और स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं।

रेलवे के सूचना और प्रचार कार्यकारी निदेशक दिलिप कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चुने गए घड़ी के डिजाइन को पांच लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी तीनों वर्गों में 50-50 हजार के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगी इस महीने के अंत तक अपने डिजाइन ऑनलाइन भेज सकते हैं।
****

भारत ने जॉर्डन के अम्मान में पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 6 रजत और 22 कांस्य सहित कुल 43 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में भारत दूसरे स्थान पर रहा। कजाखस्तान पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन लड़कियों की अंडर-17 श्रेणी में भारत ने चार स्वर्ण पदक जीते। खुशी चंद ने मंगोलिया की अल्तानजुल अल्तांगदास को 3-2 से हराया। अहाना शर्मा और जन्नत ने पांच-शून्य से जीत हासिल की। अंशिका ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में देवांश ने रजत, जबकि टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।
****